# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

## नारंगी बनाम संतोष

| तारीख हुक्म | 13/2025<br>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 12/05/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई \| अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित \| रेस्पो. संख्या 2 ने अपनी लिखित बहस पेश कर लिखित बहस को ही उनकी बहस माना जाकर अपील का निस्तारण किये जाने का निवेदन किया \| पत्रावली शेष रेस्पो. एवं अपीलार्थी की मौखिक/लिखित बहस हेतु दिनांक 18/05/2026 को पेश हो \|<br>राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर | |
| 18/05/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई \| अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित \| अधिवक्ता अपीलार्थी ने अधीनस्थ न्यायालय के मूल वाद संख्या 319/61/2001 में पारित निर्णय दिनांक 17/11/2025 की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया कि इस 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम से सम्बन्धित मूल वाद व.. अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष दिनांक 17/11/2025 को अदम पैरवी अदम हाजरी में ख़ारिज करते हुये अन्तिम निस्तारण हो चूका है ऐसे में यह अपील अब सारहीन हो गयी है एवं यह अपील चलने योग्य नही रह गयी है \| अत: अपील अपीलान्ट सारहीन हो जाने से ख़ारिज फरमाई जावे \|<br>हमने अधिवक्ता अपीलार्थी के कथनों के परिपेक्ष में अपील पत्रावली का मय अधीनस्थ न्यायालय के मूल वाद में पारित निर्णय दिनांक 17/11/2025 का अवलोकन किया गया \| जिससे अपीलार्थी के कथनों की पुष्टि होती है कि इस 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की अपील से सम्बन्धित मूल वाद का अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष अदम पैरवी अदम हाजरी में अन्तिम निस्तारण हो गया है जिससे यह अपील अब स्पष्ट रूप से सारहीन हो गयी है \| अत: अपील अपीलार्थी सारहीन हो जाने से ख़ारिज की जाती है \| तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो \|<br>राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर | |